भारत की राष्ट्रपति

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

का सूरीनाम के सर्वोच्च पुरस्कार, "Grand Order of the Chain of the Yellow Star" से सम्मानित किये जाने के अवसर पर सम्बोधन

Paramaribo, June 5, 2023

सूरीनाम के सर्वोच्च पुरस्कार, "Grand Order of the Chain of the Yellow Star" से नवाज़ा जाना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है।

यह सम्मान न केवल मेरे लिए बल्कि भारत के उन 140 करोड़ से अधिक लोगों के लिए भी अत्यधिक महत्व रखता है, जिनका मैं प्रतिनिधित्व करती हूं।

मैं यह सम्मान भारतीय-सूरीनाम समुदाय की उन पीढ़ियों को भी समर्पित करती हूं, जिन्होंने हमारे दोनों देशों के बीच भ्रातृत्व संबंधों को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

राष्ट्रपति संतोखी जी ने अक्सर उल्लेख किया है कि मेरे देश में सर्वोच्च पद तक आरोहण की मेरी यात्रा, महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है - खासकर उन महिलाओं के लिए जो ऐतिहासिक रूप से वंचित क्षेत्रों या समुदायों से हैं।

अगर यह सम्मान हमारे दोनों देशों में महिलाओं के सशक्तिकरण और प्रोत्साहन के प्रकाश स्तंभ के रूप में काम करता है, तो यह और भी सार्थक हो जाता है।

सूरीनाम में भारतीय आगमन की 150वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक स्मरणोत्सव के दौरान यह अलंकरण प्राप्त करना, इसे और विशेष बनाता है। यह सूरीनाम के सामाजिक-

आर्थिक विकास के लिए भारतीय समुदाय द्वारा किए गए अमिट योगदान, और इस देश के सामाजिक ताने-बाने को आकार देने में उनकी अमूल्य भूमिका को भी एक श्रद्धांजलि है।

मुझे यह अद्वितीय सम्मान प्रदान करने के लिए, मैं सूरीनाम के राष्ट्रपति और सूरीनाम की सरकार का हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं। यह मान्यता हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती और सहयोग के स्थायी बंधन का प्रतीक है।

धन्यवाद!